संख्या-954/2018/2793/22-2-2017-17(109)/2017

प्रेषक,

अमर सेन सिंह,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

अपर पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 ***लखनऊ: दिनांक 27 दिसम्बर, 2018***

विषय:- केन्द्रीय कारागार, बरेली में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी नरायन पुत्र श्री रामसहाय, निवासी-जिला-बरेली की दयायाचिका के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-37268/प्रोबे0-5/दयायाचिका/621 दिनांक 17-10-2017 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- आपके उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार बन्दी नरायन पुत्र श्री रामसहाय, निवासी-मोहम्मदगंज, थाना-भमौरा, मोहम्मदगंज वर्तमान में विशारतगंज थाने में आता है वर्तमान पता-नि0-मौ0 भीमपुर गौटिया, थाना-बिथरी चैनपुर, जनपद-बरेली का रहने वाला है। बन्दी द्वारा पूर्व में हुई मारपीट की रंजिश को लेकर दिनांक 24.09.1980 को 03 अन्य सहअभियुक्त के साथ मिलकर लाठी एवं चाकू से 01 व्यक्ति की हत्या कर अपराध कारित किया गया। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-432/1980 धारा 302/34, 307/34 आई0पी0सी0 के अन्तर्गत मा0 अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंचम, बरेली के आदेश दिनांक 06.03.1981 द्वारा दोषमुक्त किया गया, जिसे मा0 उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 23.05.2008 द्वारा आजीवन कारावास के दण्ड से दण्डित किया गया है। बन्दी द्वारा दिनांक 18.06.2017 तक 09 वर्ष 02 माह 17 दिन की अपरिहार सजा तथा 10 वर्ष 02 माह 25 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है। पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है। दयायाचिका समिति द्वारा बन्दी के कारित अपराध की प्रकृति, काटी गयी सजा तथा पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति न किये जाने के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

3- उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि बन्दी नरायन (बंदी संख्या-45404) पुत्र श्री रामसहाय, निवासी-जिला-बरेली की संविधान के अनुच्छेद-161 के अन्तर्गत दयायाचिका के आधार पर समयपूर्व रिहाई सम्यक् विचारोपरान्त श्री राज्यपाल द्वारा **अस्वीकार** कर दी गयी है। कृपया उपरोक्त से बन्दी को भी अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(अमर सेन सिंह)
विशेष सचिव।

संख्या-954/2018/2793(1)/22-2-2017 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- जिला मजिस्ट्रेट, बरेली।
2- वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, बरेली।
3- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार विभाग, उ0प्र0 को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ ।
4- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(करूणेश कुमार सिंह)
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in